अमर उजाला 28/04/2023

# विद्यार्थियों को गौरवशाली अतीत की दी जानकारी

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज की एनएसएस यूनिट और हिंदी विभाग एवं इतिहास विभाग के सहयोग से शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को अपने समृद्ध इतिहास से परिचित करवाने के लिए उन्हें गुरुद्वारा श्री नाडा साहिब एवं पर्यावरण संरक्षण की जानकारी देने के लिए कसौली ले जाया गया।

इस परिभ्रमण का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपने वैभवशाली इतिहास से परिचित करवाना एवं प्रकृति की वनस्पति से परिचित कराना है। कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने कहा जब तक हमारे विद्यार्थी अपने अतीत को नहीं जानते, वह वर्तमान को दिशा नहीं दे सकते।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनीश ने बताया गुरुद्वारा साहिब में सिख गुरुओं की शूर वीरता एवं अदम्य साहस से परिचित करवाया गया, वहीं कसौली में उन्हें प्रकृति के संरक्षण के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रो. पारुल एवं प्रो.रुपाली मौजूद रहे। संवाद